Date:-30-04-2024
Dainik Bhaskar, Page-02, Surat

सूरत भास्कर

दैनिक भास्कर 7 साल बेमिसाल

dainikbhaskar.com

दैनिक भास्कर, सूरत, मंगलवार, 30 अप्रैल, 2024 | 2

पहली बार भास्कर में देखिए... हमारे मेट्रो स्टेशन के डिजाइन कैसे होंगे और किस थीम पर होंगे

हाईटेक सूरत की झलक होंगे मेट्रो स्टेशन, ड्रीम सिटी में डायमंड शेप तो अलथान में शॉपिंग मॉल की तरह दिखेगा

प्रायोरिटी कॉरिडोर: लाइन-1 के इस हिस्से को पहले शुरू करने का लक्ष्य

पहला चरण: ड्रीम सिटी से कादरशा की नाल और चौक बाजार से कापोद्रा

कितने स्टेशन: एलिवेटेड मार्ग पर कुल 11 और 6 अंडरग्राउंड स्टेशन

ड्रीम सिटी से कापोद्रा तक मेट्रो अगले साल से

ऐसा होगा हमारे मेट्रो की खासियत

41.93	22.77	19.26
किमी: सूरत के मेट्रो की कुल लंबाई होगी	किमी: लाइन-1, ड्रीम सिटी से सरथाणा तक	किमी: टेक्सटाइल लाइन-2 (भेसान से सरोली तक)

भास्कर एक्सक्लूसिव

लवकुश मिश्रा | सूरत

सूरत मेट्रो परियोजना का काम अब तेजी से आगे बढ़ रहा है। दिसंबर 2024 तक इसके एक हिस्से को पूरा करने का लक्ष्य है। यह लाइन-1 के अंतर्गत होगा। ड्रीम सिटी से कादरशा की नाल और चौक बाजार से कापोद्रा के बीच काम तेजी से चल रहा है। सूरत रेल मेट्रो कॉर्पोरेशन ने इस रूट को प्रायोरिटी कॉरिडोर के रूप में चयन किया है। प्रायोरिटी कॉरिडोर का मतलब है कि इस सेक्शन पर काम तेजी से और सबसे पहले पूरा किया जाएगा, ताकि एक रूट पर मेट्रो शुरू की जा सके।

मेट्रो परियोजना की लाइन-1 में ड्रीम सिटी से कादरशा की नाल के बीच 11.6 किमी एलिवेटेड मार्ग और चौक बाजार से कापोद्रा के बीच 7 किमी अंडरग्राउंड मार्ग होगा। एलिवेटेड रूट पर कुल 11 स्टेशन होंगे, जबकि 6 अंडरग्राउंड स्टेशन होंगे। सभी स्टेशनों की अपनी खासियत होगी और अत्याधुनिक शैली में तैयार किए जाएंगे। सबसे खास ड्रीम सिटी स्टेशन होगा। यह स्टेशन डायमंड बुर्स के पास डायमंड की डिजाइन में बनेगा। वहीं मजूरा गेट स्टेशन की बात करें तो यह इंटरचेंज स्टेशन होगा। लाइन-1 और लाइन-2 दोनों यहां से जुड़ेंगे। इसलिए यह सेंटर स्टेशन के रूप में काम करेगा। इसी तरह, सभी अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशनों में शहर की झलक दिखाई देगी।

अगले साल से सूरतियों को मिलेगा मेट्रो का तोहफा

ड्रीम सिटी स्टेशन

डायमंड के जैसा दिखाई देगा

लाइन-1 के अंतर्गत बनने वाला ड्रीम सिटी स्टेशन सबसे पहला स्टेशन होगा। यह स्टेशन डायमंड बुर्स के बिल्कुल नजदीक होगा। इसलिए यह स्टेशन डायमंड के शेप में तैयार किया जाएगा। इसके स्टेशन का छत डायमंड के शेप में होगा। जब आप इस स्टेशन को दूर से देखेंगे तो यह आपको डायमंड जैसा प्रतीत होगा।

मजूरा गेट स्टेशन — लाइन-1 व लाइन-2 दोनों यहां से जुड़ेंगे

मजूरा गेट स्टेशन लाइन-1 और लाइन-2 दोनों के लिए सेंटर स्टेशन होगा। यानी इंटरचेंज स्टेशन होगा। यहां से लाइन-1 और लाइन-2 के यात्री मेट्रो चेंज कर सकेंगे। भेसान और सारोली रूट के लिए मजूरा स्टेशन से ही मिल मेट्रो जाएगी। दोनों लाइन के यहां जुड़ने से यात्रियों का जमावड़ा भी ज्यादा रहेगा।

रुपाली कैनाल स्टेशन — कम जगह में खास डिजाइन + जैसा दिखेगा

रुपाली कैनाल स्टेशन की डिजाइन अन्य स्टेशनों की डिजाइन से थोड़ी अलग होगी। इसका मुख्य कारण है, यहां सड़क की चौड़ाई का कम होना। इसलिए स्टेशन 18 मीटर ही चौड़ा होगा। इसलिए रूपाली कैनाल स्टेशन का लुक प्लस साइन के रूप में दिखाई देगा, यानी परपेंडिकुलर डेवलप किया जाएगा।

अलथान गाम स्टेशन — मॉडर्न और भव्य होगा, शॉपिंग का भी आनंद

अलथान गाम स्टेशन अपग्रेडेड स्टेशनों में से एक होगा। अन्य स्टेशनों के मुकाबले यह काफी भव्य होगा। इस स्टेशन पर उतरकर आप चाहें तो शॉपिंग भी कर सकते हैं। मॉल के जैसा दिखने वाले इस स्टेशन में कई तरह की दुकानें होंगी। साथ ही कई अन्य सुविधाएं भी आपको देखने मिल जाएंगी।

उत्कृष्ट सुविधाएं

स्टेशनों के अंदर का डिजाइन कुछ ऐसा होगा

सूरत मेट्रो के प्रत्येक स्टेशन के पहले मंजिल पर यात्रियों की सुविधा के लिए कस्टमर केयर काउंटर होंगे। सभी स्टेशनों के अंदर का डिजाइन लगभग एक-सा होगा। सभी स्टेशनों पर अत्याधुनिक एस्कलेटर, चेक इन, एंट्री-एग्जिट, टिकट काउंटर एक ही प्रारूप में बनाए जाएंगे।

सहूलियत

एक किमी से भी कम अंतर पर होंगे सभी स्टेशन

सूरत मेट्रो के सभी स्टेशन एक एक-एक किमी से भी कम अंतर पर बन रहे हैं। यानी एक स्टेशन से उतरने के बाद यात्रियों को दूसरे स्टेशन तक पैदल भी पहुंचा जा सकता है। अभी नोएडा, दिल्ली, हरियाणा, मुंबई, लखनऊ जैसे शहरों में दो स्टेशन के बीच की दूरी एक किमी या डेढ़ किमी है, जबकि सूरत में दो स्टेशनों के बीच की दूरी 900 से 950 मीटर होगी।

लाइन-1 कापोद्रा से सरथाणा के बीच बचा हुआ 4 किमी एलिवेटेड सेक्शन भी 2025 में मार्च तक पूरा हो जाएगा। वहीं, लाइन -2 में 19.26 किमी एलिवेटेड रूट बनाने का काम 2025 में पूरा होने की संभावना है।